	कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व प्रेस नोट	
@dcpeastjodhpur	dcpjodhpureast	Dcp Jodhpur East

दिनांकः– 15.11.2023

- जिला जोधपुर पूर्व का टॉप 10 में चयनित वांछित 25000/– का ईनामी अपराधी प्रवीण गोदारा पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व द्वारा गिरफ्तार।
- 25000/– रूपये का ईनामी आरोपी प्रवीण गोदारा पिछले एक साल से फरार था ।
- पुलिस थाना बनाड में रीट भर्ती परीक्षा में पेपर आउट के प्रकरण मे मुख्य सरगना था आरोपी
- गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट लगे वाहन का उपयोग करता था ईनामी आरोपी

घटना का विवरण

दिनांक 24.02.2023 को थानाधिकारी देवीचन्द नि.पु. को श्री महेन्द्र कुमार उनि व श्री विकास कुमार उनि सी.आई. डी.आई.बी. की आसुचना के आधार पर जोधपुर शहर मे नकल गिरोह के सक्रिय होने की सुचना मिली सुचना की पुष्टि के दौरान बाहरवी रोड पर एक गाडी किया सोनेट नम्बर RJ19CK4792 मे नकल गिरोह से सम्बधित सदस्यो की होने की पुख्ता जानकारी मिलने पर उक्त वाहन का पीछा किया तो वाहन बनाड रोड स्थित उदयगढ गार्डन के पीछे की तरफ गयी जिसका गुप्त तरीके से पीछा करते हुए वक्त 06.35 ए.एम. पर उदयगढ गार्डन पहुचे, उदयगढ गार्डन के पीछे कमरो तक पहुच गोपनीय तरीके से मन् नि.पु. मय जाब्ता द्वारा अपनी अपनी उपस्थिती छुपाकर कमरो की बारीयो से देखा गया तो तीन कमरो मे लडके लडकिया बैठे अपने हाथो मे कागज लिये सामने खडे शख्सान द्वारा बोले अनुसार सुन कर कागज पर पेन से नोट कर रहे थे। जिसपर गम्भीरता पूर्वक कान लगा सुना गया तो ये सभी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित होने वाली प्राथमिक विधालय अध्यापक (लेवल प्रथम) सीधी भर्ती परीक्षा 2022 के पेपर के प्रश्नो को हल किये हुए उतरो को याद कर रहे थे। निरीक्षक पुलिस मय जाब्ता व आप मय जाब्ता द्वारा तीनो कमरो के दरवाजे खुलवाकर देखा तो एक कमरे मे एक व्यक्ति लेपटॉप व प्रिन्टर को ऑपरेट करता हुआ मिला जो कि लेपटॉप की खुली हुई स्क्रीन पर पी.डी.एफ. मे प्रश्न पत्र देख रहा था एवम् सामने बैठे लडके लडकियो को प्रश्न के उत्तर बता रहा था, सामने बैठे लडके लडकिया कागज पर लिख कर उत्तर याद कर रहे थे। हम इन लडके लडकियो को प्राथमिक विधालय अध्यापक (लेवल प्रथम) सीधी भर्ती परीक्षा 2022 का आज दिनांक 25.02. 2023 को सुबह की पारी मे 09.30 ए.एम. पर होने वाले पेपर के हल प्रश्नो के उत्तर वाट्सऐप पर 40 लाख रुपये मे प्रवीण विश्नोई निवासी सांचौर जिला जालोर से प्राप्त कर इन लडके लडकियो का परीक्षा से पहले याद करवा रहे आरोपी प्रवीण विष्नोई ने सांठ गांठ कर परीक्षार्थीयो को प्राथमिक विधालय अध्यापक (लेवल प्रथम) सीधी भर्ती परीक्षा 2022 के दिनांक 25.02.2023 को प्रथम पारी मे आयोजित होने वाली परीक्षा के प्रश्न पत्र का सार्वजनिक रुप से प्रकटन का प्रयास एव उपरोक्त परीक्षार्थीयो द्वारा उक्त प्रश्न पत्र को अप्राधिकृत रीति उपाप्त करने का प्रयास किया है जो धारा 10(2) राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा(भर्ती मे अनुचित साधनो की रोकथाम के अध्धुपाय) अधिनियम 2022 व धारा 420,116,120बी भा.द.स. का अपराध घटित होने से प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान कर अपराधियो की गिरफतारी की गई।

पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही:—

श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री रविदत गौड़ आयुक्तालय जोधपुर के निर्देशानुसार एवं मन् पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्री नाजीम अली अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व एवं श्री दीपचन्द सहायक पुलिस आयुक्त वृत पूर्व, जोधपुर पूर्व के निकट सुपरविजन में जिला जोधपुर पूर्व में विधान सभा चुनाव 2023 के मध्य नजर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बनाड में रिट भर्ती परिक्षा 2023 में पेपर आउट करने के प्रकरण संख्या 74/2023 में मुख्य सरगना वांछित अपराधी प्रवीण गोदारा को श्रीमती मिनाक्षी लेगा आरपीएस प्रो के नेतृत्व में श्री रमेश कुमार कानि 441, श्री सुरेश कानि 879 द्वारा तकनिकी विश्लेषण व मुखबीर तंत्र से सूचना प्राप्त कर आज दिनांक 15.11.2023 को पुलिस थाना एयरपोर्ट एरिया से दस्तयाब किया गया। मुल्जिम प्रकरण दर्ज होने के बाद से अपनी सकुनत से फरार था। मुल्जिम की गिरफतारी हेतु पूर्व में भी टीमो का गठन कर गिरफ्तारी के प्रयास किये गये थे मगर मुल्जिम शातिर व बदमाश प्रवृति का होने के कारण लगातार अपने निवास के ठिकाने व मोबाईल नम्बर बदलता रहा एवं अपने पास रखने वाले वाहन के भी फर्जी नम्बर प्लेट रखता था। श्री रमेश कानि 441 व श्री सुरेश कानि 879 द्वारा लगातार करीब दो माह से तकनीकी व आसूचना के माध्यम से आज दिनांक 15.11.2023 को एयरपोर्ट थाना एरिया में रहने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जाकर दस्तयाब किया गया।

गिरफ्तार मुलजिमः—

01 प्रवीण गोदारा पुत्र श्री जगदीश विश्नोई जाति विश्नोई उम्र 21 वर्ष निवासी गोयतो की ढाणी, हेमागुड़ा पुलिस थाना झाब जिला जालौर

पुलिस टीमः—

1. श्रीमती मिनाक्षी लेगा आरपीएस प्रो जोधपुर पूर्व
2. श्रीमति शैफाली सांखला निपु. थानाधिकारी पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
3. श्री पूर्णसिंह उनि पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व ।
4. श्री राकेश कुमार सउनि साईबर सैल जोधपुर पूर्व।
5. श्री शिवदानराम हैड कानि 1537 पुलिस थाना एयपोर्ट जोधपुर पूर्व
6. श्री श्रवण राम हैड कानि पुलिस थाना एयपोर्ट जोधपुर पूर्व
7. श्री रमेश कुमार कानि 441 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर (विशेष योगदान)
8. श्री सुरेश कुमार कानि 879 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व।(विशेष योगदान)
9. श्री गणपतराम कानि 1177 साईबर सैल जोधपुर पूर्व।
10. श्री देवेन्द्र परिहार कानि 1424 साईबर सैल जोधपुर पूर्व।

डॉ अमृता दुहन (IPS)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पुर्व।